## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**13 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखा पत्र। महिला आरक्षण कानून में संशोधन के मुद्दे पर सदस्यों से एकजुट होने की अपील की। आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को करेंगे सम्बोधित।**
- **रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में लिया हिस्सा । कहा– अंतर्राष्ट्रीय जगत में बढ़ी है भारत की प्रतिष्ठा।**
- **महान पार्श्व गायिका आशा भोसले का मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन। आज शाम चार बजे होगा अंतिम संस्कार। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक।**
- **हापुड़ जिले में बारात से लौट रही बस और एक ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत, कई अन्य घायल।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है ताकि दो हजार उन्तीस से लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ कराए जा सकें। लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में श्री मोदी ने महिला आरक्षण कानून में संशोधन के मुद्दे पर सभी सदस्यों से एकजुट होने का अनुरोध किया। इस कानून को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया गया है।

**इन संशोधनों को पारित करने के लिए संसद के बजट सत्र की अवधि बढाई गई थी। तीन दिन का विशेष सत्र 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। महिला आरक्षण अधिनियम से लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर आठ सौ 16 हो जाएगी। इसमें 273 सीटें महिलाओं के लिए होंगी। लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान 2023 में संविधान संशोधन के जरिए किया गया था। इस बीच भाजपा ने पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संसद के इस विशेष सत्र में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इस अवधि में सदन में उपस्थिति अनिवार्य है और कोई छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए शशांक कुमार।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन भारत की विकास यात्रा को आकार देने में महिलाओं की अत्यधिक भागीदारी की वचनबद्धता को सशक्त करने के लिए किया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

**नारी शक्ति वंदन सम्मेलन शासन और पंचायत से संसद के सभी स्तरों पर महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के साथ महिलाओं के बढ़ते प्रतिनिधित्व के महत्व को दर्शाएगा। सरकार, शिक्षण, विज्ञान, खेल, उद्यमशीलता, मीडिया, समाज सेवा और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों की सफल प्रतिनिधि महिलाएं इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। यह सम्मेलन 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में महिलाओं की भूमिका को उजागर करेगा। प्रिया की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रशांत कुमार।**

**********

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन कल लखनऊ में प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सक्रियता और जनता के सहयोग से देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ है।

**अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। देश की जनता का सहयोग और हमारे प्रधानमंत्री जी की सक्रियता और बहुत ही बुद्धिमत्तापूर्ण जो उनके द्वारा फैसले किए जाते हैं, इन सब सारी चीजों का परिणाम है कि कुछ समय पहले भारत अर्थव्यवस्था के दृष्टि से दुनिया के बहुत ही कमजोर देशों में से एक देश माना जाता था। लेकिन आज टॉप फाइव में नहीं बल्कि टॉप फोर कंट्री के अर्थव्यवस्था के आधार पर मापी गई है।**

इससे पहले रक्षा मंत्री ने प्रदेश विधानसभा में कराये गये कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां डिजिटल गैलरी, आधुनिक गलियारों और हेलीकॉप्टर सेमुलेटर सहित विभिन्न नवाचारों को बारीकी से देखा।

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल आगरा में शिक्षको के संगठन यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन और सृजनोत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए। समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब बच्चे शत–प्रतिशत शिक्षित होंगे।

**डबल इंजन की सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार ध्यान देने का काम कर रही है। जब शिक्षित हमारे बच्चे होंगे, शिक्षित उनका भारत का भविष्य होगा और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जो विकसित भारत का लक्ष्य है वह लक्ष्य हम तब प्राप्त कर पाएंगे जब शत प्रतिशत शिक्षित हमारे बच्चे होंगे।**

**********

केन्द्र सरकार ने कहा कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया ग्यारह अप्रैल को बावन लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए प्रवर्तन कार्रवाई जारी है। इसके तहत देशभर में दो हजार सात सौ से अधिक छापे मारे गए हैं।

**********

प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का कल मुंबई में बानवे वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज शाम चार बजे शिवाजी पार्क में होगा। गायिका की पौत्री जनाई भोसले ने बताया कि उनको सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आशा भोसले का करियर आठ दशक से अधिक लंबा रहा और वे अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती थी।

**आशा भोसले ने अपने आठ दशकों से भी अधिक लंबे कार्यकाल में विभिन्न भाषाओं में 12,500 से ज्यादा गीत रिकॉर्ड किए। उन्होंने मराठी फिल्मों से अपने करिअर की शुरुआत की और 1948 में 'चुनरिया' फिल्म के साथ हिंदी फिल्म जगत में प्रवेश किया।**

**उन्हें दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, अठारह महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार, नौ फिल्मफेयर पुरस्कार प्राप्त हुए। वर्ष 2000 में उन्हें सिनेमा के क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फालके पुरस्कार प्रदान किया गया।**

**वर्ष 2008 में भारत सरकार ने उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च नागरी सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 2011 में उन्हें संगीत इतिहास की सबसे अधिक रिकॉर्डिंग करने वाली कलाकार के रूप में मान्यता दी।**

महान पार्श्व गायिका आशा भोसले के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित समाज के विभिन्न लोगों ने शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर अपने शोक संदेश में कहा कि आशा भोंसले का योगदान भारतीय संगीत की अमूल्य धरोहर के रूप में सदैव याद किया जाएगा।

**********

मऊ के घोसी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद हरि नारायण राजभर का कल दोपहर में हृदय गति रूक जाने से लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। मूल रूप से बलिया जिले के रहने वाले स्वर्गीय राजभर पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की सरकार में कारागार मंत्री भी रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये गहरा शोक जताया है।

**********

प्रदेश के हापुड़ जिले के धौलाना–गुलावठी मार्ग पर कल देर रात बारात से लौट रही एक बस की सामने से आ रहे ट्रक से भीषण टक्कर हो गयी। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई अन्य घायल हो गये। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह भी मौके पर पहुंच गये तथा स्थिति का जायजा लिया।

एक अन्य हादसे में दिल्ली से दरभंगा जा रही एक बस यमुना एक्सप्रेसवे पर पलट गई जिसमें करीब बारह यात्री घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया।

**********

मथुरा के वृन्दावन में यमुना नदी में हुए हादसे में मृतको की संख्या बढकर तेरह हो गयी। कल सुबह यमुना में डूबने वाले दो और लोगो के शव मिले । यह हादसा मथुरा में गत शुक्रवार को यमुना नदी में श्रद्धालुओं से भरी नाव के पलटने के दौरान हुआ था। नाव में पंजाब से आए श्रद्धालु सवार थे।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल में कल गुजरात टाइटन्स की टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हरा दिया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हुए इस मैच में टॉस जीत कर गुजरात ने पहले गेंदबाजी चुनी। एक रोचक मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के एक सौ पैंसठ रनों के लक्ष्य को गुजरात टाइटन्स ने तीन विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया ।

**********